PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Rashtriya Sahara, Delhi
Tuesday 13th January 2015, Page: 12
Width: 5.16 cms, Height: 14.05 cms, a4, Ref: pmin.2015-01-13.40.147

# सस्ती नई दवाओं के लिए नए प्रयोगों की वकालत

**स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा बोले- न केवल प्रौद्योगिकी बल्कि चिकित्सकीय उपकरणों और पद्धतियों में भी नए प्रयोगों की जरूरत**

**गांधीनगर (एसएनबी)।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को गरीबों के लिए किफायती नई दवाओं के अनुसंधान पर जोर दिया। नड्डा ने कहा, 'हमें न केवल प्रौद्योगिकी में बल्कि चिकित्सकीय उपकरणों और पद्धतियों में भी नए प्रयोगों की जरूरत है। सामान्य औषधीय क्षेत्र में हम मजबूत हैं लेकिन कम कीमत पर नई दवाओं के लिहाज से विचार करना होगा।' वह यहां वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2015 के दूसरे दिन 'हेल्थ फॉर ऑल : लवरेजिंग टेक्नोलॉजी, इनोवेशन एंड इनेबलर्स' विषय पर सेमिनार को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा, 'हाल ही में भारतीय विज्ञान कांग्रेस को संबोधित करते हुए हमारे प्रधानमंत्री ने ऐसे वैज्ञानिक अविष्कारों के नए विचारों और विकास की बात की थी जो समाज में पंक्ति में सबसे पीछे खड़े और कमजोर लोगों के लिए मददगार हो।' भारत में विश्व स्वास्थ्य संगठन की प्रतिनिधि नीता मेनाब्दे ने कहा कि भारत में स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यापक सेवाओं की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने अधिकतर भाषणों में स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए एकजुटता प्रदर्शित कर रहे हैं, लेकिन आम आदमी को इन योजनाओं का लाभ मिलना कठिन लगता है।'

Govt